कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग
कर्णप्रयाग

UTTARAKHAND
Phone/Fax- 01363-244204

Email- eepdpwdkpg@gmail.com

पत्रांक 1689 /10 L.A

दिनांक 21 /11 /2022

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
बद्रीनाथ वन प्रभाग
गोपेश्वर, चमोली।

विषयः– माननीय मुख्यमंत्री घोषणा के अन्तर्गत जनपद चमोली के विधानसभा क्षेत्र थराली के विकासखण्ड घाट में बंगाली (बांजबगड़) से विकासखण्ड थराली के रूईसांण तक मोटर मार्ग के नव निर्माण हेतु वनभूमि हस्तान्तरण।

सन्दर्भः– परिवेश पोर्टल EDS on Dated 14.08.2022

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित पत्र जिसमें कार्यालय वन संरक्षक, गढ़वाल वृत्त, उत्तराखण्ड, पौड़ी द्वारा कुछ आपत्तियां इंगित की गयी जिसका बिन्दुवार निराकरण निम्न प्रकार है–

| क.सं. | आपत्ति का विवरण | निराकरण |
|---|---|---|
| 1 | प्रस्ताव के पार्ट–1 के पैरा सी में के॰एम॰एल॰ फाईल का परीक्षण करने पर पाया गया कि क्षेत्र MDF (Moderately Dense Forest) के अन्तर्गत दिखाई दे रहा है जिसमें प्रति है0 औसतन 70 से अधिक वृक्ष सम्भावित हैं, जबकि प्रस्ताव का परीक्षण करने पर मात्र 48 वृक्ष प्रति है0 सूचित किया गया है जिसमें वृक्षों की गणना संदिग्ध प्रतीत होती है। | के॰एम॰एल॰ फाईल निर्देशांकों के अनुसार वन भूमि का चिन्हांकन करने के उपरान्त वन क्षेत्राधिकारी एवं इस उपखण्ड द्वारा संयुक्त निरीक्षण कर प्रस्तावित मोटर मार्ग के संरेखण में आ रहे वृक्षों की पुनः गणना की गयी, मौके पर किये गये वृक्षों की गणना में विभिन्न प्रजाति के कुल 445 वृक्ष पाये गये जो कि पूर्वानुसार है। प्रस्तावित संरेखण में प्रति हैं के अनुसार 48 वृक्ष प्रति है॰ प्रभावित हो रहे हैं। वृक्षों की सूची प्रस्ताव में पूर्व में संलग्न है। |
| 2 | प्रस्ताव में वैकल्पिक संरेखण तथा उससे सम्बन्धित प्रारूप 13 Performa for comparision between identified alignment नहीं दिया गया है। | प्रस्तावित मार्ग प्रथम चरण हेतु कुल 22 किमी. स्वीकृत है। संरेखण स्वीकृति के उपरान्त अधीक्षण अभियन्ता महोदय द्वारा उक्त मार्ग को दो भागों में विकाखण्ड घाट व विकासखण्ड थराली में विभाजित किया गया (पत्र संलग्न) इस खण्ड के अन्तर्गत पड़ने वाले 11.625 किमी. लम्बाई में अन्य कोई वैकल्पिक संरेखण सम्भव नहीं है क्योंकि प्रस्तावित संरेखण के दायीं ओर डेन्स फॉरेस्ट व अधिक ऊंची चट्टानें हैं जबकि बायीं ओर बुग्याल के मैदान होने के कारण सड़क प्रस्तावित करना उचित नहीं है। अतः प्रस्तावित एकमात्र संरेखण पूर्णतः मितव्ययी, लघु व वन सम्पदा को न्यूनतम प्रभावित करने वाला है। |
| 3 | प्रस्ताव में मलवा निस्तारण योजना की ड्राइंग संलग्न नहीं किया गया है। | प्रस्ताव में मलवा निस्तारण योजना की ड्राइंग संलग्न कर दी गयी है। |

संलग्नः– प्रारम्भिक संयुक्त निरीक्षण प्रारूप।

21/11/22

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लो॰नि॰वि॰
कर्णप्रयाग।

Scanned with CamScanner